नामावलियों का पुनरीक्षण किया गया था और पुनरीक्षित निर्वाचक नामावलियां सब राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में 15-1-1970 को अन्तिम रूप से प्रकाशित की गई थीं ।

(ख) राज्यवार निर्वाचकों की संख्या, जैसी कि वह 1 जनवरी, 1970 को थी, बताने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है । **[ग्रन्थालय में रख दिया गया । देखिये संख्या** LT-4046/70] कितने मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग आगामी साधारण निर्वाचन में करेंगे, इसका पता 1971 में फिर से निर्वाचक-नामावलियों का पुनरीक्षण हो जाने के बाद ही लगेगा, जिससे वे सब पात्र व्यक्ति शामिल हो जाएं जो 1-1-1971 को 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेंगे ।

Tyre and Tube Factory at Paradeep. (Orissa)

3781. SHRI RABI RAY :
SHRI K. P. SINGH DEO :

Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND INTERNAL TRADE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the application of the Industrial Development Corporation of Orissa has been recommended by the Government of Orissa to the Government of India for the setting up of a factory to manufature Tyres and Tubes in Paradeep in Orissa ; and

(b) if so, the steps Government have taken in this regard ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND INTERNAL TRADE (SHRI M. R. KRISHNA) : (a). Yes, Sir.

(b) The application is under consideration of the Government.

कानपुर की एक फर्म द्वारा मैथोक्सिक्लोर के निर्माण की योजना

3782. **श्री अटल बिहारी वाजपेयी : क्या औद्योगिक विकास तथा आन्तरिक व्यापार** मंत्री 19 मई, 1970 के कानपुर की एक फर्म द्वारा 'मैथोक्सिक्लोर' के निर्माण की योजना के बारे में अतारांकित प्रश्न संख्या 10283 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मैथोक्सिक्लोर योजना के लिये मैसर्स कैमीकल्स प्रोडक्टस आफ इन्डिया के निदेशक द्वारा मघसार की मंजूर की गई मात्रा, योजना की तकनीकी जांच के समय जूनियर फील्ड आफीसर (कैमीकल्स) द्वारा जितनी मात्रा की सिफारिश की गई थी उससे बहुत अधिक थी;

(ख) क्या यह भी सच है कि योजना की जांच करना तथा उसके लिये स्वीकृति देने जैसी सभी औपचारिकता उसी दिन (8 जुलाई, 1969) को पूरी कर ली गई थी जिस दिन निदेशक से उक्त योजना प्राप्त हुई थी ; और

(ग) इस मामले में की गई जांच के परिणामों का ब्योरा क्या है, दोषी पाए गए व्यक्तियों के नाम क्या हैं तथा इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

औद्योगिक विकास तथा आन्तरिक व्यापार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मं० रं० कृष्ण) : (क) जी, नहीं । लघु उद्योग सेवा संस्थान के निदेशक लघु पैमाने के उद्योगों को कच्चा माल स्वीकृत करने के लिये सक्षम नहीं हैं । उन्होंने तो योजना की तकनीकी संभाव्यता और इसकी जीव्यता का परीक्षण किया था ।

(ख) जी, हां ।

(ग) जांच के परिणाम को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है ।